## एक नजर में

### मोक्ष मार्ग की राह पर चलकर दीक्षा लेंगी आर्यिका



**बड़वानी।** बाल ब्रह्मचारिणी 7 फरवरी 2026 को महाराष्ट्र में दिगंबर जैन धर्म के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ वरिष्ठ आचार्यों में से एक गणधाराचार्य कुंथू सागर महाराज एवं आचार्य देव नंदी महाराज के वरद हस्त से महाराष्ट्र के नांद गांव निवासी बाल ब्रह्मचारिणी मोनिका दीदी और मप्र के शाहगढ़ निवासी बाल ब्रह्मचारिणी नेहा दीदी की आर्यिका दीक्षा होगी। दोनों दीदी सिद्धक्षेत्र बावनगजा, अतिशय क्षेत्र पार्श्वगिरी तथा यहां विराजित 3 आर्यिका संघों के दर्शनार्थ पधारी। डॉ निलेश जैन की ममेरी बहन लगती है के निवास पर गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। समाजजनों ने बैंड-बाजों से बिनौली बग्घी पर सवार कराकर मुख्य मार्गों से निकाली। रस्ते भर में दोनों बहनों की गोद भराई की रस्म कर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही भक्ति मय नृत्य कर तपस्वी दीक्षार्थियों की जय-जय कार कर अनुमोदना की। जैन मंदिर में दोनों दीक्षार्थी दीदियों ने भगवान के दर्शन किए। मोनिका दीदी की लौकिक शिक्षा बीएससी है और पिता का नाम वीर चंद पांडे है और नेहा दीदी ने डबल एमए किया है और वे सुरेश चंद्र जैन की पुत्री है। बिनौली में समाजजन एवं क्षमा माताजी के संघस्थ ब्रह्मचारिणी आशा दीदी उपस्थित थे।

### 2 नवंबर को होगा खिलाड़ियों का चयन

**बड़वानी।** इंदौर संभाग क्रिकेट संगठन द्वारा धार में अंडर 15 वर्ग के क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कियाजाएगा। जिसके लिए बड़वानी जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों का चयन 2 नवम्बर को बड़वानी में शासकीय कालेज के मैदान पर सुबह 10 बजे से किया जाएगा। उक्त चयन में वे ही खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे, जिनका जन्म 1 सितम्बर 2010 के बाद का होगा। जिले की सभी तहसीलों के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। चयन के पूर्व खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों को शुल्क 200 रूपए जमा करना आवश्यक होगा एवं जन्म से संबंधित डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र एवं पिछले तीन वर्ष की ओरिजनल अंक सूची एवं आधार कार्ड साथ लाना है। जिले की चयनित होने वाली टीम को धार में अपना पहला मैच बुरहानपुर जिले की क्रिकेट टीम से 9 नवम्बर को खेलना होगा। चयन के संबंध में जिला संगठन के मोबाईल नंबर 97550-63055 पर संपर्क कर सकते हैं। चयन के समय जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश गोईवाला, उपाध्यक्ष कालीचरन तिवारी, सत्यनारायण गुप्ता, सचिव श्याम एकड़ी, चंद्रशेखर मराठे एवं आकाश भाबोर उपस्थित रहेंगे।

### नवीन आवेदक कराए ईकेवायसी

**बड़वानी।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जिन परिवारों का निकाय या खाद्य विभाग द्वारा सत्यापन के बाद पर्ची आना शेष है। उन्हें पर्ची प्राप्ति के लिए ई-केवायसी कराया जाना आवश्यक है। जिले में ऐसे नवीन परिवार के कुल सदस्य 3626 व पूर्व से प्रचलित परिवार के कुल सदस्य 16051 हैं। जो अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान से पीओएस मशीन में ई-केवायसी करा ले। ई-केवायसी कराने के बाद आगामी माह में उनको खाद्यान्न प्राप्त होने लगेगा।

### यातायात हेल्पलाइन पर मिलीं 19 शिकायतें, 12 निपटाई

इंदौर. यातायात संबंधी समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए जारी व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों पर पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है. 27 अक्टूबर को एक ही दिन हेल्पलाइन पर 19 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 12 का उसी समय निराकरण कर दिया गया, जबकि 7 शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है. 27 सितंबर को शुरू हुई इस हेल्पलाइन पर अब तक एक माह में कुल 650 शिकायतें मिलीं, इसमें से 634 शिकायतें निपटाई जा चुकी हैं. शेष पर कार्रवाई जारी है. पुलिस की इस पहल से आम जनता को काफी राहत मिल रही है. यातायात हेल्पलाइन पर ट्रैफिक पुलिस को जो शिकायतें मिल रही हैं, उनमें प्रमुख रूप से गलत नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर के वाहन, अवैध पार्किंग, सड़क पर टेंट लगाने से जाम लगना, यात्री वाहनों की तेज रफ्तार और मोडिफाइड साइलेंसर जैसी समस्याएं शामिल हैं. हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही संबंधित क्षेत्रों में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कई वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की. हेल्पलाइन शुरू होने के बाद अब तक 650 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 634 का तुरंत निराकरण किया जा चुका है. शेष 16 शिकायतों पर कार्रवाई जारी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों की सहभागिता से यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है. वहीं, पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों के उल्लंघन या जाम जैसी स्थिति होने पर हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर तुरंत सूचना दें.

### शराब के पैसे नहीं देने पर बेटे ने मां को पीटा

इंदौर. शहर के अलग-अलग इलाकों में पारिवारिक विवाद और झगड़ों के चलते मारपीट और धमकी के तीन मामले सामने आए हैं. सभी मामलों में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है, जहां मगरखेड़ा निवासी रेखाबाई चौहान ने अपने बेटे दीपक चौहान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. रेखाबाई ने पुलिस को बताया कि दीपक सोमवार को घर आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा. जब उसने पैसे देने से मना किया तो बेटे ने उसके साथ मारपीट की और धमकियां दीं. आरोपी पहले भी मां से मारपीट कर चुका है और आए दिन शराब के पैसों के लिए झगड़ा करता था. दीपक खुद कोई काम नहीं करता और आए दिन पैसों की मांग करता है, नहीं देने पर विवाद करता है. पुलिस ने उसके खिलाफ मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है. दूसरा मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है, जहां युवराज सोनी की रिपोर्ट पर कुणाल और रोशन के खिलाफ केस दर्ज किया है. बच्चों के बीच हुई कहासुनी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी युवराज पर टूट पड़े. उन्होंने उसके साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. बताया जा रहा है कि बच्चों के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका था.

### स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**महू.** मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के साथ बरती जा रही लापरवाही और वहां व्याप्त असुविधाओं को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया कि अस्पताल में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, वहीं मरीओं को कई असुविधाओं से भी गुजरना पड़ रहा है. ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन के बाद मरीज महिलाओं को बेड की जगह जमीन पर सुलाया जाता है, साथ ही साफ-सफाई भी सही से नहीं जाती, पीने के पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है, सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े हैं और जिम्मेदार मौन हैं. इन्ही सब समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया है. इस मौके पर मुख्य रूप से जुगनू जादवसिंह धनावत, विजेंद्रसिंह चौहान, शक्तिसिंह गोयल, जनपद प्रतिनिधि विलीन पाटीदार, मनोहर गावड़, मनमोहन गुनावत, अरविंद गुनावत, गजेंद्रसिंह राठौर, एडवोकेट आशीष वर्मा, आशीष जैन, तोलाराम बरगट, ओम पटेल, प्रवीणसिंह सोलंकी, गोविंद पड़ीहार, मुस्तकीम कुरैशी, सद्दाम पटेल, विनोद भार्गव, विकास ठाकुर, अलअमन खान, सनीसिंह राजपूत, अभिषेक यादव, शैलेश जाट, रोहित कागट, पंकज मीणा, अरुण गुर्जर, चेतन मुकाती, यदुनंदन पाटीदार, हरिसिंह निनामा, राजमल बारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. ज्ञापन का वाचन अरविंद गुनावत ने किया.

# प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**विद्यार्थियों ने की प्रध्यापकों की मांग, अध्यापन कार्य प्रभावित होने का दिया हवाला**



**पानसेमल,** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्राध्यापकों की पूर्ति करने की मांग की है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य को एक ज्ञापन भी सौंपा। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय में कुछ विषयों के प्राध्यापक लंबे समय से उपलब्ध नहीं है। इसके कारण विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं तथा अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से बीए, राजनीतिज्ञ विज्ञान, बीएससी, बोटनी वनस्पति शास्त्र, बीएससी रसायन शास्त्र के अध्यापक नहीं होने से विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया है कि इन विषयों के लिए शीघ्र स्थाई या अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो।

बीए चतुर्थ वर्ष के छात्र अर्जुन सोलंकी ने बताया कि इस तरह की समस्या 2 से 3 वर्षों से बनी हुई हैं। वहीं इस बारे में शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता भंडारी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग को इस विषय से अवगत कराया गया है। आवश्यक प्रक्रिया के बाद स्थाई प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। नियुक्ति नहीं होने पर जनभागीदारी समिति द्वारा अतिथि प्राध्यापक की शीघ्र व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान अर्जुन सोलंकी, रिक्षित भंडारी, गुरुचरण भंडारी, नितिशा चौहान, पायल सोलंकी, योगेश्वरी चित्ते, आयुषी भारत पटेल व अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

**लंबे समय से उपलब्ध**
- कुछ विषयों के प्राध्यापक लंबे समय से उपलब्ध नहीं है।
- विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो

## कुक्षी-मनावर रोड़ पर चला यातायात अनुशासन अभियान

**बड़वानी।** आरटीओ व यातायात पुलिस ने 29 अक्टूबर को कुक्षी-मनावर रोड़ पर बसों एवं छोटे वाहनों की चेकिंग कार्रवाई की। अभियान यातायात अनुशासन व सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चलाया। इस दौरान बसों की फिटनेस, इमरजेंसी द्वार, परमिटए फायर एक्सटिंग्विशर, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। जिन बसों में गंभीर कमियां पाई गई, उनमें से दो बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में जमा कराया। अन्य बसों एवं छोटे वाहनों में कमियां पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 22 वाहनों की जांच की, जिन पर समन शुल्क के रूप में 26900 रूपए की राशि वसूल की गई। बसों में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा के उद्देश्य से यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित



**बड़वानी, ( नवभारत )।** महाविद्यालय में 29 अक्टूबर को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार एवं प्राचार्य डॉ वीणा सत्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह अंतर्गत एक दिवसीय वर्कशॉप साइबर क्राइम और साइबर सुरक्षा अभियान विषय पर आयोजित की गई। एसपी ऑफिस के क्राइम ब्रांच प्रभारी रितेश खत्री ने साइबर क्राइम व साइबर सुरक्षा पर कहा कि ऐसे किसी भी कॉल पर तत्काल सायबर सेल नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराए और अपने दोस्तों, घर परिवार के सदस्यों और अपने अनुजों को भी सायबर क्राइम पर जागरूक करे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने की। संचालन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ रविंद्र बर्डे ने किया व आभार डॉ बसंत निगवाल ने माना। कार्यक्रम में स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जागृत हिंदू मंच का दीपावली मिलन समारोह आज

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जागृत हिंदू मंच के तत्वावधान में गुरुवार को रामकुल्लेश्वर मंदिर परिसर बावनगजा रोड़ में विशाल दीपावली मिलन समारोह एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य एवं लव जिहाद जैसे समसामयिक एवं समाजोपयोगी विषयों पर विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम में प्राध्यापक भूपेंद्र भार्गव, शभीना शास्नातकोत्तर महा व अन्य प्रख्यात वक्ता संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक सुनील गुप्ता व मोहित कुशवाह ने बताया कि यह आयोजन समाज में एकता, स्वाभिमान, स्वदेशी भावना एवं राष्ट्रभक्ति के प्रसार के लिए किया जा रहा है। उन्होंने नगर एवं आसपास के सभी हिंदू समाजजनों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर दीपावली के इस पावन पर्व को धर्म, समाज और राष्ट्र समर्पण के रूप में मनाने का आव्हान किया है। कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा।

**एक नजर में** — परमार ने कहा मुझे जो दायित्व दिया है वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करूंगा

# भगवान परमार की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 30 अक्टूबर**

भाजपा संगठन सर्वोपरि है, भाजपा प्रदेश संगठन ने मुझे जो दायित्व दिया। उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करूंगा। अनुसूचित जाती मोर्चे को बूथ तक भाजपा को मजबूत करने का कार्य करूंगा। प्रदेश के संपूर्ण जिलों एवं मंडलों तक प्रवास कर कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा संगठन को मजबूत करना ही हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें प्रदेश के नव नियुक्त भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कही। भगवान परमार की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। दिल्ली से इंदौर आते ही कार्यकर्ताओं का हुजूम सा इंदौर एयरपोर्ट पर लग गया। कार्यकर्ताओं का काफिला करीब 5 किमी तक दिखाई दे रहा था।

डॉ हुकुम पवार ने बताया कि भगवान परमार जमीन से जुड़े ध्ययनिष्ठ मधुभाषी नेता है। जो अपनी काबिलियत एवं कड़ी मेहनत से प्रदेश अध्यक्ष बने है। समाज के सभी वर्गों में उनकी अच्छी पकड़ है। सभी को साथ लेकर चलते हैं। छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं। हमेशा भाजपा संगठन के हित में कार्य करते हैं। डॉ हुकुम पवार के नेतृत्व में जिले से 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने इंदौर पहुंच भव्य स्वागत किया।

**यह रहे उपस्थित**

भगवान परमार ने प्रदेश के मुखिया मोहन यादव, प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन हितानंद शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अजा मोर्चा लाल सिंह आर्य का आभार मानते हुए धन्यवाद दिया। प्रदेश संगठन एवं राष्ट्रीय संगठन का आभार माना।

# ट्रैफिक प्रहरी अभियान में शामिल नागरिकों को किया सम्मानित

- यातायात सुधार में आमजन की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास
- जैकेट-कैप व पहचान सामग्री वितरित



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा नागरिकों को यातायात प्रबंधन में सहभागी बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़ने वाले जिम्मेदार नागरिकों को सम्मानित किया. इस अवसर पर उन्हें जैकेट, कैप, लाइट बेटन, सीटी और पहचान बैज प्रदान किए.

कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें डीसीपी प्रभारी यातायात आनंद कलादगी, एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया सहित अन्य अधिकारी और ट्रैफिक प्रहरी शामिल रहे. पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनता में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहर के सुगम व सुरक्षित यातायात में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है. उन्होंने बताया कि अभियान से जुड़ने वाले नागरिक अपने सुविधानुसार समय और क्षेत्र चुनकर यातायात प्रहरी के रूप में योगदान दे सकते हैं. इसके लिए इच्छुक नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन गूगल फॉर्म भर सकते हैं.

> ट्रैफिक प्रहरी के रूप में जुड़ने वाले नागरिक यातायात पुलिस की मदद करते हुए त्योहारों और बड़े समारोहों व कार्यक्रमों के दौरान चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था बनाए रखने, नियम उल्लंघन की जानकारी देने, दुर्घटनाओं या जाम की स्थिति में सूचना पहुंचाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में सहयोग देंगे. पुलिस कमिश्नर ने अभियान से जुड़े सभी स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था केवल पुलिस की नहीं, पूरे शहर की जिम्मेदारी है. जागरूक नागरिक ही सुरक्षित यातायात का आधार बन सकते हैं.

# मानसिक बीमार युवती से दो पड़ोसियों ने कई बार किया रेप

- युवती के गर्भवती होने पर हुआ खुलासा
- बाणगंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर .** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है. यहां मानसिक रूप से बीमार युवती के साथ उसके ही पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने कई बार दुष्कर्म किया. घटना का खुलासा तब हुआ, जब युवती गर्भवती हो गई. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है .थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 20 वर्षीय युवती अपने परिवार के साथ रहती है. परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता है. परिवार के काम पर जाने के बाद आरोपी उसके घर पहुंचकर ज्यादती करते थे. युवती की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह यह बात किसी को नहीं बता सकी. परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से युवती की तबीयत बिगड़ने पर जब जांच कराई गई, तो उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई. पूछताछ में युवती ने पड़ोस में रहने वाले भीमा उर्फ बंगाली बाबा और छोटू उर्फ रमेश के नाम बताए. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस मेडिकल जांच कराकर आगे की कार्रवाई कर रही है.

# ब्लैक फिल्म लगी कारों पर यातायात पुलिस की सख्ती

- रोबोट चौराहे से रेडिसन की ओर आ रही लग्जरी गाड़ी पकड़ी
- पुलिस ने मौके पर ही हटाई ब्लैक फिल्म, बनाया चालान





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस का विशेष अभियान जारी है. जिसके तहत यातायात पुलिस ने एक ब्लैक फिल्म लगी कारों को पकड़ा और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की.**

पुलिस के अनुसार सूबेदार ब्रजराज अजनार रेडिसन चौराहा पर ड्यूटी पर थे, तभी रोबोट चौराहा पर तैनात आरक्षक संजय जाट ने सूचना दी कि एक काले रंग की थार गाड़ी नम्बर एमपी 09 एएफ 3322 पूरी तरह से ब्लैक फिल्म लगी हुई रेडिसन की ओर आ रही है. सूचना मिलते ही सूबेदार अजनार और आरक्षक राहुल ने वाहन को रोककर जांच की. जांच में गाड़ी की सभी खिड़कियों पर ब्लैक फिल्म लगी पाई गई, जिसे मौके पर ही हटवाया गया. चालक पर चालानी कार्रवाई की गई और उसे भविष्य में दोबारा ब्लैक फिल्म न लगाने की सख्त चेतावनी दी गई. यातायात डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी ने बताया कि शहर में ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहनों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें, क्योंकि यह न केवल कानूनन प्रतिबंधित है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अनुचित है.

# प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने पर युवक ने की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में लिखा युवती और उसके दोस्त ने धोखा दिया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आजाद नगर क्षेत्र में देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी. वह कुछ ही दिन पहले किराए के मकान में रहने आया था. मौके से पुलिस को दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक युवती और उसके दोस्त का नाम दर्ज है. प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है, पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है.

मृतक की पहचान 24 वर्षीय अनिल पुत्र प्रीतम अहिरवार निवासी इदरीश नगर के रूप में हुई है. अनिल मूल रूप से भोपाल के गणेशपुरी इलाके का रहने वाला था और मंगलसिटी स्थित एक बीपीओ कंपनी में कार्यरत था. वह करीब पंद्रह दिन पहले ही आजाद नगर में किराए से रहने आया था. जब वह पूरे दिन दोस्तों का कॉल नहीं उठा रहा था, तो वे उसे देखने पहुंचे. दरवाजा अंदर से बंद था. जब किसी तरह दरबाजा खोलकर देखा तो अनिल फंदे पर लटका मिला. बताया जा रहा है कि दोस्त घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही चले गए. इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी.

**दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला**

> थाना प्रभारी लोकेन्द्र भदौरिया का कहना है कि कमरे से दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक युवती और उसके दोस्त का नाम लिखा है. सुसाइड नोट में अनिल ने आरोप लगाया है कि जिस युवती से वह प्रेम करता था, उसने अपने एक मित्र के साथ मिलकर उसे धोखा दिया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सुसाइड नोट की लिखावट और उसमें दर्ज नामों की पुष्टि के लिए फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी. साथ ही, युवती और उसके परिचित युवक से पूछताछ की तैयारी भी की जा रही है.

**समस्या** — पूर्व में पंचायत और बाद में नगर निगम व विधानसभा चुनाव के दौरान नेता आश्वासन देकर चले गए, फिर सुध नहीं ली

# विस्थापन के डर के साये में जीने को मजबूर हैं अहीरखेड़ी के रहवासी



इंदौर. जब मजदूरी करने के लिए दूसरे शहर से लोग यहां आकर बसने लगे तो मौजूदा शासन ने उन्हें पट्टे के प्लॉट दिए, ताकि वह यहां रहकर अपना गुजर-बसर कर सकें. शहर में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पट्टे की बस्ती बसी हुई हैं, लेकिन इन गरीब रहवासियों को यहां से हटाए जाने का डर हमेशा सताता रहता है. सुरक्षित भविष्य को देखते हुए वे हमेशा सरकार से अपेक्षा करते हैं उन्हें स्थाई रूप से बसा दिया जाए. इसी तरह के डर के साये में जीने को मजबूर हैं हवा बंगला क्षेत्र में शहर की सीमा में बसे अहीरखेड़ी के रहवासी. यहां करीब 30 वर्ष पूर्व पट्टे की जमीन पर गरीब और मजबूर वर्ग के लोगों ने जैसे-तैसे अपने आशियाने बना लिए थे. यह बस्ती करीब आठ वर्ष पहले ही नगर निगम सीमा में आई, जो कि वार्ड -79 के अंतर्गत आती है.

**यह बोले रहवासी...**



अहीरखेड़ी में 30 वर्ष पुरानी बसाहट है. यहां कुछ लोगों के पास पट्टे हैं तो कुछ के पास नहीं, नेताओं और अधिकारियों से कहने जाओ तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं देता. हम आज भी अधर में लटके हैं.
**- पार्वती बाई**



जिन लोगों के पास पट्टे हैं, उन्हें भी हटा देते हैं, लेकिन जिनके पास नहीं हैं वो तो और भी खतरे में हैं. सरकार को हम गरीब मजदूरों के सुरक्षित भविष्य के लिए गंभीरता से कुछ करना चाहिए.
**- भूरी रायकवार**



हम गरीबी रेखा से भी नीचे जीवन जी रही हैं, भविष्य में हमें यहां से हटा दिया गया तो हम कहां जाएंगे, सरकार हमें स्थाई पट्टे दे, ताकि हमारे बच्चे कभी दर-दर भटकें नहीं.
**- झिंगली बाई**